Title: Need to withdraw move to take over land belonging to villagers by Army in Aashti Tehsil in Beed Parliamentary Consituency, Maharashtra – Laid.

श्री जयसिंगराव गायकवाड पाटील (बीड): अध्यक्ष महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र, बीड-महाराट्र के आटी तहसील से 40 गांव की जमीन, अहमदनगर-महाराट्र की सेना छावनी अपने तकनीकी प्रयोग व अन्य गतिविधियों के लिये संपादित करना चाहती है। इस तरह की अफवायें सारे जिले में फैल चुकी हैं, जिसके कारण उक्त 40 गांव का किसान समुदाय भयभीत होकर अपने भविय के बारे में चिंतित है। इसका परिणाम इन गांवों में जमीन की खरीद-बिक्री व्यवहार पर पड़ा है व निर्माण कार्य बंद हो चुके हैं। इन 40 गांवों की जमीन सिंचन क्षमता युक्त व उपजाऊ है1

सेना की ओर से इन 40 गांव की जमीन के बरामदी का कोई आधार या सत्यता कहीं प्राप्त नहीं हो रही है अपितु यह पूर्व प्राथमिक सर्वे है, इसकी चर्चा मात्र है।

अतः मेरा आपके माध्यम से रक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि वे इस अफवाह का तत्काल स्पटीकरण दें और इस उपजाऊ जमीन के संपादन का प्रस्ताव नामंजूर कर किसानों को भयमुक्त करने का कट करें।